# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

राजस्थान सरकार के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अंतर्गत कार्मिक विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण करने के उपरांत राज्य सरकार के आदेश क्रमांक ए–5(51) कार्मिक/क–2/88–1 दिनांक 29–4–99 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मृतक आश्रितों की संलग्न सूची के अनुसार **39 कनिष्ठ सहायक पद एवं 07 सहायक कर्मचारी पद के कुल 46 अभ्यर्थियों** का अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियमों के अंतर्गत नियुक्ति का अनुमोदन किया जाकर जिला आवंटन किया जाता हैं।

**नियुक्ति अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व निम्न शर्तो की पालना सुनिश्चित करेगें :–**

1. राज्य सरकार के मृतक आश्रितों में से कनिष्ठ सहायक/सहायक कर्मचारी के पद पर नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी करने से पूर्व आवेदकों की शैक्षिक/प्रशैक्षिक संबंधी योग्यता के मूल प्रमाण–पत्र प्राप्त कर उनकी वैधता एवं मान्यता आदि की पूर्ण जॉच करें एवं योग्यता के बारे में पात्रता रखने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करे। राज्य से बाहर की डिग्रियों/प्रमाण पत्र के सत्यापन/वैधता एवं मान्यता के संबंध में सावधानी पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की जॉच करेगें।
2. मृत राज्य कर्मचारियों के परिवार का कोई भी सदस्य किसी सरकारी/केन्द्र/निगम/बोर्ड या उपक्रम में कार्य ग्रहण तिथि तक नियोजित नहीं है इस हेतु अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के नियम 5 के अनुसार शपथ पत्र आश्रित से प्राप्त करें। (मृतक की पत्नी पर उक्त नियम 5 लागू नहीं होगा।) नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने से पहले यह सुनिश्चित कर लेवें कि मृत्यु की तिथि को आवेदक मृतक सरकारी कर्मचारी पर पूर्णतया आश्रित था।
3. मृतक की अविवाहित पुत्री की नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया हो तो उसके पदस्थापन के समय तक वह अविवाहित है, इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करें।
4. कार्मिक विभाग के परिपत्र आदेश दिनांक 27.02.2001 द्वारा जारी निर्देशों की पालना में मृतक के आश्रितों के पालन पोषण/भरण पोषण करने संबंधी शपथ पत्र प्राप्त करेंगे। कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 27.02.2001 की पालना नहीं करने की स्थिति में नियुक्ति समाप्त की जा सकती हैं ।
5. दत्तक पुत्र, पुत्रियों के संबंध में वैधता की जांच हिन्दु दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 के प्रावधानानुसार करेंगे ।
6. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ–7(1) कार्मिक (क–2) (95) दिनांक 08.04.2003 के अनुसार दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक संतान होने की स्थिति में नियुक्ति के पात्र नहीं माने जावेंगे, किन्तु राज्य सरकार (डीओपी) के आदेश दिनांक 29.10.2005 के अनुसार विधवा की नियुक्ति में यह प्रावधान लागू नहीं होंगे।
7. संलग्न सूचियों में अंकित अभ्यर्थियो के नियुक्ति आदेश राज्य सरकार के नोटिफिकेशन क्रमांक 7 (2) डीओपी/ए–11/06 दिनांक 20.01.2006 एवं वित (नियम डीविजन) विभाग के नोटिफिकेशन क्रमांक एफ 12 (6) एफ डी/रूल्स/06 दिनांक 13.03.2006 के अनुसार प्रोबेशन ट्रेनीज के रूप में किया जा कर फिक्स रेमुनरेशन पर नियुक्ति अनुमोदन की जाती हैं।
8. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनीज) की अवधि में फिक्स रेमुनरेशन के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के भत्ते यथा मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता, मंहगाई वेतन (डीपी) विशेष वेतन, बोनस आदि देय नहीं होगा।
9. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनीज) की अवधि में राज्य बीमा की कटौती नहीं होगी।
10. वित्त विभाग के आदेश कमांक प.2(2)वित्त (नियम) 2021 पार्ट जयपुर दिनांक 25.05.2022 एवं 26.05.2022 तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों के अनुसार सामान्य प्रावधायी निधि की नियमानुसार मासिक कटौती की जावेगी।

11. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण की अवधि को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिये गणना योग्य नहीं माना जावेगा ।
12. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में इन्हें कलेण्डर वर्ष में केवल 15 दिन का ही आकस्मिक अवकाश देय होगा । पूर्ण कलेण्डर वर्ष से कम अवधि होने पर पूर्ण माह के आधार पर आकस्मिक अवकाश अनुज्ञात किया जावेगा।
13. कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थी राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 7(2) कार्मिक/ ए–II/2006 दिनांक 05.07.2010 एवं कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 21.09.2010 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्त होना चाहिये तथा उक्त नियमों के अन्तर्गत कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 02. 01.2017 व 04.05.2017 के अनुसार मृतक आश्रित को कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण करने की अर्हता नियुक्ति के पश्चात् दो वर्ष की अवधि में अर्जित करनी होगी। यदि उक्त अवधि में कम्प्यूटर योग्यता अर्जित नहीं करता है, तो जितनी विलम्ब अवधि से वह कम्प्यूटर योग्यता अर्जित करेगा उसका परिवीक्षाकाल उतनी ही अवधि का आगे बढ़ जायेगा। जिन प्रकरणों में शिथिलन प्राप्त है तथा जो प्रकरण कार्मिक विभाग से जरिए आदेश इस विभाग को स्थानातरित है, उनसे संबंधित आदेशों में दी गई शर्तो की पूर्ण अनुपालना नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें।
14. कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थी की टंकण परीक्षा अब कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 05.07. 2010 एवं 02.01.2017 के अनुसार कम्प्युटर से ली जावेगी जिसे आश्रित को नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि में उत्तीर्ण करनी अनिवार्य होगी, अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिये जावेगें। इन्हे आगामी वेतन वृद्धि टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् ही देय होगी। कार्मिक (क–2) विभाग राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना दिनांक 07.09.2009 के अनुसार मृत राज्य कर्मचारी की विधवा को टंकण परीक्षा करने से छूट दी जायेगी।
15. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अन्य निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित करेंगे तथा नियुक्ति अधिकारी मृतक आश्रित के अच्छे आचरण का सत्यापन सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक से करवाने के पश्चात ही आदेश जारी करेंगें ।
16. राज्य सरकार की अधिसूचना एफ–5(51)डीओपी/ए–।।/88 पीटी जयपुर दिनांक 08.04.2015 के अनुसार नियम–5 में हुए संशोधन की पालना सुनिशिचित करें।
17. माध्यमिक शिक्षा सेटअप में स्वीकृत स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार ही पदस्थापन किया जाये।
18. कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना दिनांक पं.5 (51) कार्मिक/क–2/88 पार्ट जयपुर दिनांक 31.05.2016 के अनुसार आवेदक विवाहित है तो उसकी पत्नी/पुत्र/अविवाहित पुत्री यदि पूर्व से ही (नियम–5 में यथा परिभाषित) नियोजित है, को मृतक कर्मचारी पर पूर्णतया आश्रित न होने के कारण, नियम–2(ग) के तहत आश्रित की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। फलतः ऐसे पुत्र को अनुकम्पात्मक नियुक्ति देय नहीं होगी।
19. जिन अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है उन्हे ऐसे पद पर नियुक्ति प्रदान की जावे जिस पर किसी प्रतिभूति की आवश्यकता नहीं हो ।
20. राज्य सरकार के आदेशानुसार धुम्रपान नहीं करने तथा दहेज नहीं लेने के सम्बन्ध में आवेदक से नियमानुसार शपथ–पत्र प्राप्त करें। जिन अभ्यर्थियों के प्रकरण में मृतक/आवेदक के नाम/उपनाम में विसंगति होने पर नियमानुसार यथेष्ट भाषा में शपथ पत्र लेवे।
21. जिन प्रकरणों में कार्मिक विभाग/शासन से शिथिलन प्राप्त है, उन प्रकरणों में प्राप्त शिथिलन में निहित शर्तों की अनुपालना की जावें।
22. जिन प्रकरणो मे शिथिलन प्रदान किया गया है एवं जो अन्य विभाग के होने के कारण कार्मिक विभाग से प्राप्त हुए हैं उसमें शिथिलन आदेश में वर्णित शर्तो एवं कार्मिक विभाग से प्राप्त होने वाले प्रकरणों मे कार्मिक विभाग के पत्र मे वर्णित शर्तो की अनुपालना होने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करें। इस हेतु नियुक्ति आदेश जारीकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

23. विधवा आवेदक के प्रकरणों में यदि पति की जाति जोड़कर आवेदन किया गया है तो नियुक्ति अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व अपने स्तर पर नाम विसंगति के संदर्भ में पूर्ण पुष्टि करते हुए पुष्टि होने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करे तथा विवाहित आवेदक के संबंध में नियम–5 का जिशिअ का प्रमाण पत्र, आवेदक का शपथ पत्र एवं आवेदक की पत्नी का नियम–5 का शपथ पत्र प्राप्त करें। अविवाहित आवेदक के संदर्भ में वैवाहिक स्थिति का अद्यतन शपथ पत्र प्राप्त कर नियुक्ति आदेश जारी करें। यदि वैवाहिक स्थिति में अंतर है तो आवेदक के आश्रितों के संबंध में नियम–5 के समस्त दस्तावेज (आवेदक व आवेदक की पत्नी का शपथ पत्र, आवेदक के आश्रित परिवार के संबंध में जिशिअ का प्रमाण पत्र) प्राप्त होने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी करें ।

24. आवेदक की जन्मतिथि के संबंध में नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर पर प्रथमतः शैक्षणिक योग्यता/टीसी (सक्षम स्तर से प्रमाणित) एवं केवल, आवेदक के विद्यालय प्रवेश नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार सक्षम स्तर से जारी जन्म प्रमाण पत्र से पुष्टि करने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी करें ।

25. प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.7(13)कार्मिक/क–2/23 दिनांक 11–5–2023 के अनुसार राजकीय सेवा में कार्यग्रहण करने के समय प्रत्येक कार्मिक से निम्न आशय का शपथ पत्र भी लिया जाकर सेवा अभिलेख में संकलित किया जावे :–

"मैं .............. शपथ लेता हूँ/लेती हूँ सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि भारत और विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और सच्ची निष्ठा रखूंगा/रखूंगी, मैं भारत की प्रभुता और अखण्डता अक्षुण्ण रखूंगा/रखूंगी तथा मैं अपने पद के कर्तव्यों का राजभक्ति, ईमानदारी और निष्पक्षता से पालना करूगां/करूगीं। (अतः ईश्वर मेरी सहायता करें)"

चूंकि विभाग में कनिष्ठ सहायक/सहायक कर्मचारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्ति अधिकारी है, अतः उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुवे संलग्न सूची के **अनुसार पदस्थापन आदेश 15 दिवस के भीतर जारी कर पदस्थापन आदेश 02 प्रतियों में** इस कार्यालय को आवश्यक रूप से भिजवाएँ एवं आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे ।

उक्त आदेश जारी कर दो प्रतियॉ संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राज. जयपुर, एक प्रति संयुक्त शासन सचिव कार्मिक (क–2) विभाग, शासन सचिवालय, राज. जयपुर को एवं इस कार्यालय को भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

**कनिष्ठ सहायक ( स्थिर पारिश्रमिक – नियमानुसार देय )**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | सीमा जासू<br>सी.सै. 07.11.1971 | पत्नी | 02.05.2023<br>कनिष्ठ सहायक | सनोज कुमार जासू<br>व.अ. माशि | झालावाड़ | झालावाड़ |
| 2. | टीना टेलर<br>बी.कॉम. 15.05.1986 | पत्नी | 13.09.2023<br>कनिष्ठ सहायक | गिरिराज टेलर<br>स.प्र.अ. माशि | झालावाड़ | झालावाड़ |
| 3. | उषा शाक्यवार<br>सी.सै. 25.10.1999 | पत्नी | 04.03.2024<br>कनिष्ठ सहायक | दर्पण कुमार<br>वरि.क.अनु. माशि | बाड़मेर | बाडमेर |
| 4. | संतोष बुनकर<br>बी.ए. 05.10.1995 | पत्नी | 28.04.2024<br>कनिष्ठ सहायक | पवन कुमार बुनकर<br>अध्या. माशि | बासंवाड़ा | डूंगरपुर |

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 5. | ममता मीणा एम.ए. 05.07.1999 | पत्नी | 24.07.2024 कनिष्ठ सहायक | मनोज कुमार कानि. क–2 | प्रतापगढ़ | सीकर |
| 6. | कृष्णा नावरिया एम.ए. 04.10.1978 | पत्नी | 25.01.2025 कनिष्ठ सहायक | नरेन्द्र कुमार व.अ. माशि | हनुमानगढ | हनुमानगढ |
| 7. | मिथलेश कुमारी मीणा बी.ए. 30.12.1989 | पत्नी | 06.02.2025 कनिष्ठ सहायक | राजेन्द्र कुमार मीणा व.अ. माशि | बारां | बारां |
| 8. | पूनम मीणा एम.ए. 05.06.1988 | पत्नी | 07.02.2025 कनिष्ठ सहायक | संजय कुमार व.अ. माशि | जयपुर | जयपुर |
| 9. | ममता बी.ए, 10.08.1993 | पत्नी | 20.02.2025 कनिष्ठ सहायक | गौरव सिंह व.स. माशि | भरतपुर | भरतपुर |
| 10. | निमिषा सैनी सी.सै. 22.01.1990 | पत्नी | 01.03.2025 कनिष्ठ सहायक | विनोद कुमार क.स. माशि | सवाईमाधोपुर | जयपुर |
| 11. | शारदा बाई एम.ए. 20.10.1985 | पत्नी | 19.03.2025 कनिष्ठ सहायक | कुलदीप सिंह व्या. माशि | कोटपुतली बहरोड | कोटपुतली बहरोड |
| 12. | कुसुम लता सी.सै. 25.11.1995 | पत्नी | 27.03.2025 कनिष्ठ सहायक | अनिल सैन अध्या. माशि | सीकर | झुंझुंनू |
| 13. | रेखा मीना सी.सै. 20.10.1990 | पत्नी | 04.04.2025 कनिष्ठ सहायक | राकेश कुमार मीना प्राचार्य माशि | दौसा | दौसा |
| 14. | मनीषा पूनिया बी.ए. 10.06.1993 | पत्नी | 15.04.2025 कनिष्ठ सहायक | अजीत सिंह व्या. माशि | झुंझुंनू | चूरु |
| 15. | शीला गुरूंग सी.सै. 02.12.1986 | अविवाहित पुत्री | 20.10.2020 कनिष्ठ सहायक | हिरालाल कानि क–2 | जयपुर | जयपुर |
| 16. | मोनिका सी.सै. 15.10.2005 | अविवाहित पुत्री | 16.11.2023 कनिष्ठ सहायक | गोपाल लाल सहा. उपनिरी. क–2 | अजमेर | अजमेर |
| 17. | भारती रतनू सी.सै. 05.07.2006 | अविवाहित पुत्री | 28.01.2025 कनिष्ठ सहायक | हनूमान दान रतनू अध्या. माशि | बीकानेर | बीकानेर |
| 18. | दिशा गोठरवाल सी.सै. 27.09.2004 | अविवाहित पुत्री | 17.03.2025 कनिष्ठ सहायक | लीलावती पिलिवाल अध्या. माशि | अजमेर | अजमेर |

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 19. | कमल यादव<br>बी.एस.सी 05.01.2001 | पुत्र | 09.07.2021<br>कनिष्ठ सहायक | विक्रम सिंह<br>कानि क–2 | झुंझुंनू | झुंझुंनू |
| 20. | रूद्रेश कुमार जाटव<br>सी.सै. 26.12.2005 | पुत्र | 07.10.2022<br>कनिष्ठ सहायक | राजेन्द्र कुमार यादव<br>अध्या. माशि | भीलवाड़ा | बारां |
| 21. | हर्षवर्धन सिंह<br>सी.सै. 14.11.2004 | पुत्र | 02.02.2023<br>कनिष्ठ सहायक | हेमंत सिंह<br>कानि क–2 | अजमेर | अजमेर |
| 22. | रविकान्त महावर<br>सी,सै. 26.04.2005 | पुत्र | 10.08.2023<br>कनिष्ठ सहायक | नंद किशोर बांसी<br>व.अ. माशि | दौसा | दौसा |
| 23. | विकास यादव<br>सी.सै. 09.10.1999 | पुत्र | 17.10.2023<br>कनिष्ठ सहायक | विरेन्द्र सिंह यादव<br>कानि क–2 | बूंदी | बूंदी |
| 24. | नीरज मूण्ड<br>सी.सै. 16.04.2007 | पुत्र | 20.11.2023<br>कनिष्ठ सहायक | संदीप कुमार<br>अध्या. माशि | हनुमानगढ | हनुमानगढ |
| 25. | पंकज मीणा<br>सी.सै. 18.02.2001 | पुत्र | 14.10.2024<br>कनिष्ठ सहायक | कैलाश चंद्र मीणा<br>उप प्राचार्य माशि | भीलवाड़ा | भीलवाड़ा |
| 26. | अनूप माली<br>सी.सै. 27.07.2001 | पुत्र | 26.11.2024<br>कनिष्ठ सहायक | सरस्वती देवी माली<br>स.क. माशि | चित्तौडगढ | चित्तौडगढ |
| 27. | सोनू कुमार खटीक<br>बी.सी.ए. 07.02.1996 | पुत्र | 16.12.2024<br>कनिष्ठ सहायक | सम्पतलाल खटीक<br>शाशि माशि | भीलवाड़ा | भीलवाड़ा |
| 28. | हितेन्द्र सिंह मीणा<br>एम.ए. 20.12.1995 | पुत्र | 10.01.2025<br>कनिष्ठ सहायक | नवल सिंह मीणा<br>प्राचार्य माशि | बारां | बारां |
| 29. | मोहम्मद इमरान<br>एम.कॉम. 04.04.1993 | पुत्र | 21.01.2025<br>कनिष्ठ सहायक | अयूब खान टाक<br>व.अ. माशि | डीडवाना–कुचामन | डीडवाना–कुचामन |
| 30. | दीपू सिंह<br>बी.ए. 17.03.1991 | पुत्र | 21.01.2025<br>कनिष्ठ सहायक | सुमन सिंह<br>स.क. माशि | अजमेर | अजमेर |
| 31. | अजीत सिंह<br>सी.सै. 23.12.1995 | पुत्र | 03.02.2025<br>कनिष्ठ सहायक | समय सिंह गुर्जर<br>अध्यापक माशि | करौली | करौली |
| 32. | रोहित मीना<br>सी.सै. 25.05.2002 | पुत्र | 06.02.2025<br>कनिष्ठ सहायक | कालू लाल मीणा<br>अध्या. माशि | झालावाड़ | झालावाड़ |

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 33. | निखिल दूरिया<br>सी.सै. 05.08.2000 | पुत्र | 11.02.2025<br>कनिष्ठ सहायक | प्रकाश चन्द्र दूरिया<br>व.अ. माशि | राजसमंद | राजसमंद |
| 34. | रमेश कुमार मौर्य<br>एम.ए. 11.04.1993 | पुत्र | 14.02.2025<br>कनिष्ठ सहायक | धन्नाराम मौर्य<br>अध्या. माशि | बाडमेर | बाडमेर |
| 35. | ललित कुमार डाबी<br>बी.ए. 18.12.1990 | पति | 24.02.2025<br>कनिष्ठ सहायक | निशा<br>व्या. माशि | हनुमानगढ | हनुमानगढ |
| 36. | मुकेश कुमार मीणा<br>बी.ए. 20.05.1999 | पुत्र | 10.03.2025<br>कनिष्ठ सहायक | कजोड़ सिंह मीणा<br>स.क. माशि | भीलवाड़ा | भीलवाड़ा |
| 37. | अरविन्द कुमार<br>सी.सै. 31.12.1987 | पुत्र | 04.04.2025<br>कनिष्ठ सहायक | बाबूलाल<br>स.क. माशि | सिरोही | सिरोही |
| 38. | संदीप देवड़ा<br>बी.टेक. 08.04.1995 | पुत्र | 19.04.2025<br>कनिष्ठ सहायक | भैरू सिंह देवड़ा<br>व्या. माशि | सिरोही | सिरोही |
| 39. | उज्जवल शर्मा<br>बी.कॉम 04.03.1998 | पुत्र | 16.05.2025<br>कनिष्ठ सहायक | अशोक कुमार शर्मा<br>स.क. माशि | बीकानेर | बीकानेर |

**सहायक कर्मचारी (स्थिर पारिश्रमिक – नियमानुसार देय)**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 40. | पप्पू कंवर<br>5 वीं 02.05.1978 | पत्नी | 13.06.2024<br>सहायक कर्मचारी | बुलिदान सिंह<br>अध्या. मा.शि. | जोधपुर | जोधपुर |
| 41. | संगीता<br>साक्षर 01.01.1985 | पत्नी | 24.10.2024<br>सहायक कर्मचारी | रावल राम<br>स.क. माशि. | जोधपुर | जोधपुर |
| 42. | नारायण लाल गुर्जर<br>कक्षा–8 03.03.1989 | पुत्र | 02.04.2025<br>सहायक कर्मचारी | देवीलाल गुर्जर<br>स.क. माशि | जयपुर | जयपुर |
| 43. | उर्मिला देवी<br>साक्षर 01.01.1990 | पत्नी | 24.12.2024<br>सहायक कर्मचारी | राकेश कुमार<br>अध्यापक माशि | धौलपुर | धौलपुर |
| 44. | आशीष शर्मा<br>कक्षा–9 02.05.2008 | पुत्र | 27.01.2025<br>सहायक कर्मचारी | बन्टू शर्मा<br>स.क. माशि | भरतपुर | करौली |

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, योग्यता व जन्मतिथि | मृतक से सम्बन्ध | आवेदन तिथि व आवेदित पद | मृतक का नाम मय पदनाम स्व. श्री/श्रीमती | संबंधित जिला | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 45. | सरिता कुमारी<br>8वीं 05.07.1993 | पत्नी | 27.02.2025<br>सहायक कर्मचारी | अशोक कुमार सुरेला,<br>व.स. माशि | सीकर | सीकर |
| 46. | सुनील गुर्जर<br>सै. 15.07.2006 | पुत्र | 20.01.2023<br>सहायक कर्मचारी | पप्पूराम गुर्जर<br>स.क.माशि | अजमेर | अजमेर |

**नोट** : क्र.सं. 03,17,21,22,27,40,46 पर अंकित प्रकरण में विलम्ब अवधि व क्रसं 44 पर अंकित प्रकरण में न्यूनतम आयु सीमा में शासन द्वारा शिथिलन प्रदत्त है।

**( आशीष मोदी )**
I.A.S.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

क्रमांकः—शिविरा—माध्य/अनु. नियु/ए—2/61217/नियुक्ति मूल माध्य./2025/33953 दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
4. संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क—2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
5. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, संभाग
6. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय........................................को उल्लेखित.............................अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र मूल मे ही संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश में वर्णित समस्त निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए रिक्त पद के अनुसार नियुक्ति आदेश जारी करवाकर पालना सुनिश्चित कर जारी आदेशो की प्रति एव कार्यग्रहण की सूचना इस कार्यालय का **email** dseanukampaniyukti@gmail.com पर आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करावें।
7. श्री ........................................................................ को देकर निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय ............................................... कार्यालय में देकर पावती प्राप्त करें।
8. निजी सहायक सचिव, निजी अनुभाग (निदेशक)
9. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
10. रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified
Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :06-06-2025 04:54:16